## एक नजर में

### एसडीएम प्रीती संघवी ने किया सिंगोली क्षेत्र की मैगजीनों, भण्डारण केंद्रों का निरीक्षण



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले में विस्फोटक भंडारण स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम जावद प्रीति संघवी, एसडीओपी जावद अमित राठौर, तहसीलदार श्री प्रेम शंकर पटेल, नायब तहसीलदार श्री बालकृष्ण मकवाना ने सिंगोली तहसील के ग्राम फुसरिया, जराड़, सोलंकी खेड़ा, अथवा, खोलपुरा बड़ी आदि स्थानों पर स्थित सभी मैगजीनों के भण्डारण स्थलों/ गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विस्फोटक भंडारण, सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्था, अभिलेख संधारण एवं परिसर की सुरक्षा का सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया। संबंधित लाइसेंसियों को विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विस्फोटक भंडारणों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। यह जानकारी एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी ने दी है।

### जमुनिया कला में योग और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**नीमच।** आयुष विभाग द्वारा शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया कला में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। नियमित योग एवं प्राणायाम से तनाव प्रबंधन, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि एवं मानसिक एकाग्रता के लाभ बताए। इस अवसर पर ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति जैसे योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में कुल 21 लाभार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ. विमला पाटीदार, श्रीमती भावना बैरागी, श्री विनीत सोनी, श्री आनंद शर्मा एवं श्रीमति श्वेता जोशी उपस्थित थे।

### नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का विशाल मशाल जुलूस आज

**नीमच।** देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में हुए कथित पेपर लीक और अन्याय के विरुद्ध प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ नीमच जिला मुख्यालय पर भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशाल मशाल जुलूस के माध्यम से विरोध दर्ज कराया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया की इसी कड़ी में शनिवार, 16 मई 2026 को शाम 7:30 बजे जिला मुख्यालय पर एक प्रभावी मशाल जुलूस का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। यह आंदोलन केवल एक जुलूस नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों की आवाज है जिनके हक पर डाका डाला गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यह मशाल जुलूस शहर के हृदय स्थल 40 चौराहा से प्रारंभ होगा, जो नया बाजार के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पुन: 40 चौराहा (40 जीरो) पर पहुंचकर संपन्न होगा। जुलूस के समापन स्थल पर युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की जनविरोधी और युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ अपना कड़ा आक्रोश प्रकट करते हुए पुतला दहन किया जाएगा।

### कार की टक्कर से खाई में गिरी बाइक, मां और 2 साल की बेटी गंभीर घायल, उदयपुर रैफर, दूसरी बेटी के हाथ में चोट



**नीमच।** नगर में गुरुवार रात सिटी थाना क्षेत्र के रेवली देवली और पिपलोन के बीच भीषण सड़क हादसा हो गया। अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में 2 साल की मासूम बच्ची और उसकी मां की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पिपलोन निवासी प्रेम बाई (35) पति रामनिवास मालवीय अपनी दो बेटियों के साथ रेवली देवली स्थित महिषासुर माताजी मंदिर के मेले में दर्शन करने गई थीं। रात में जब वे बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी रेवली देवली और पिपलोन के बीच एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। प्रेम बाई के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं, उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रात में ही उदयपुर रेफर कर दिया गया है। 2 वर्षीय मासूम सिया की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। परिवार की दूसरी बेटी रीना के हाथ में चोट आई है, और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी पुलिस के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर अज्ञात कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### शनि जन्मोत्सव की धूम, महेश सर्कल स्थित मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन शुरू



**नीमच।** शहर के महेश सर्कल के समीप स्थित प्रसिद्ध श्री शनि मंदिर में न्याय के देवता भगवान श्री शनि महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ लिया। आयोजन के पहले दिन मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और भगवान शनि महाराज के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी राधेश्याम जोशी एवं सह पुजारी ईश्वर सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनि जन्मोत्सव विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और भक्ति कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि शनिवार 16 मई को मुख्य आयोजन होंगे, जिनमें सुबह 7 बजे से भगवान श्री शनि महाराज का अभिषेक, हवन, विशेष श्रृंगार और मंदिर शिखर पर ध्वजा अर्पण किया जाएगा। इसके साथ ही दिनभर पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान जारी रहेंगे। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा और झांकियों से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शनिवार शाम 7 बजे ढोल-ढमाकों और भक्ति संगीत के साथ भगवान शनि महाराज की भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक राजू राजस्थानी एवं भगवत सुथार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

# फोरलेन नहीं, खतरे की सड़क, निर्माण में लापरवाही...

▶ **विकास के बजाय आमजन के लिए मुसीबत का सबब बनी**




**नीमच।** नीमच के जावद फंटे से भाटखेड़ा फंटे तक 16 किमी का सीसी रोड निर्माण कार्य अब लोगों के लिए खतरे की फोरलेन साबित हो रही है। जगह जगह चल रहे सीसी रोड निर्माण के चलते कही जगह मार्ग बदहाल स्थिति में है जिसके चलते जागरुक लोग कड़ा एतराज जता रहे है। प्रशासनिक लापरवाही और निर्माण कंपनी की गैर-जिम्मेदारी के कारण यह यह सड़क अब सुविधा नहीं, बल्कि लोगों की जान के लिए खतरा बन चुकी है। फोरलेन सीसी रोड के दोनों साइड कई जगह पर गड्ढे और जगह-जगह धंसान की स्थिति है, जिससे सूखे मौसम में फिसल रहे है और वाहन चालक चोटिल हो रहे है। गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं और लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। हालात गंभीर होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन आंखें मूंदे बै'ा है। न तो निर्माण कंपनी को यातायात व्यवस्था सुधारने के 'ोस निर्देश दिए जा रहे हैं और न ही आम जनता की सुरक्षा को लेकर कोई प्रभावी कदम उ'ाया जा रहा है। इससे रोजाना सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। निर्माण के दौरान गहरे गड्ढे छोड़ना, डायवर्जन के संकेतक न लगाना जैसे भारी लापरवाही सामने आ रही है। इन कारणों से हो रही दुर्घटनाओं और धूल से राहगीरों व व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

**फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही, हो रही सड़क दुर्घटनाएं**- सड़क निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परियोजना के तहत बन रहे फोर लेन सड़क निर्माण कार्य कर लापरवाही बरते जाने के कारण आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कभी गाड़ी गड्ढे में गिर रही है, तो कइयों का वाहन चकनाचूर हो रहा है। अबतक कई लोग घायल हो चुके हैं। दरअसल निर्माण कंपनी द्वारा निर्माण कार्य के दौरान कहीं गड्ढे कर दिए हैं तो कहीं बनाए गए डायवर्सन पर सुरक्षा संकेत ही नहीं दिया है। जिस कारण अक्सर दुर्घटना होती रहती है। इसको लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। निर्माणाधीन हाईवे पर उड़ रही धूल से एक तरफ जंहा राहगीर परेशान है तो वंही हाईवे किनारे रह रहे लोगों का जीना भी मुहाल हो गया है। 16 किमी सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है तो वही निर्माण कार्य के दौरान उड़ती धूल के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य से पूरे रोड पर इन दिनों धूल उड़ रही है। उड़ती धूल से दो पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चालकों की आंखों में धूल आने से हादसे होने की संभावना बढ़ रही है। राहगीरों को सांस लेने और सांस की नली में धूल जाने से बीमारी का सामना भी करना पड़ राह है। लेकिन इसके बावजूद भी हाईवे निर्माण करने वाली कंपनी की लापरवाही साफ तौर से दिखाई दे रही है। हाईवे पर पानी का छिड़काव ना होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही हाईवे के किनारे रहने वाले लोग और दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पेट्रोल पंप के पास गहरे गड्ढे ने युवक की ली जान 30 दिन बाद हार गया जिंदगी की जंग

**नीमच।** झांझरवाडा निवासी मंगलसिंह कुशवाह का 31 वर्षीय का उपचार के दौरान निधन हो गया। 3 माह पहले अपने दो दोस्तों को नीमच छोडने आ रहे थे लेकिन महू रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के नजदीक गहरे गड्ढे में उनकी बाईक जा गिरी जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी जिनका लगातार उपचार चल रहा था और तीन महीने तक मौत से लड़ता रहा युवक आखिरकार अपनी जिंदगी की जंग हार गया और गुरुवार को निधन हो गया। इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है और प्रशासन से निर्माणाधीन मार्ग की दशा सुधारने की मांग की है। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

निर्माण फोरलेन निर्माण में आमजन की सुरक्षा के लिए यह उपाय बेहद जरुरी-

फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान आमजन की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपाय करना बेहद जरुरी है। जिसमें साइट की घेराबंदी और सुरक्षा संकेत, मजबूत बैरिकेडिंग: कार्यस्थल के चारों ओर बैरिकेड्स (रेलिंग, लोहे की चादरें या कंक्रीट ब्लॉक) लगाकर मुख्य मार्ग को निर्माण क्षेत्र से अलग करना बेहद जरुरी है।

- निर्माण स्थल से पहले ही चेतावनी बोर्ड लगाएं (जैसे- 'आगे सड़क निर्माण कार्य', धीमी गति', 'रास्ता बदलें') के लगाए जाने बेहद जरुरी है।
- रात के समय में रिफ्लेक्टर, चेतावनी लाइटें, और रिफ्लेक्टिव टेप का उपयोग किया जाना आवश्यक है जिससे वाहन चालकों को रास्ता साफ दिखे।
- यातायात प्रबंधन के तहत साइट पर प्रशिक्षित ट्रैफ़िक जवान की तैनाती के साथ वाहनों को सुचारू रूप से निकालने के इंतजाम होना चाहिए। विशेषकर मोड़ों पर।



### अब सुविधाजनक स्थान पर संचालित हो रहा है उप पंजीयन कार्यालय

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार अब संपत्ति की रजिस्ट्री करने वाला उप पंजीयन कार्यालय, कलेक्ट्रेट के स्थान पर तहसील कार्यालय नीमच के सुविधायुक्त 2 कक्षों में संचालित होना प्रारंभ हो गया है।

नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पंजीयन कक्ष के बाहर पक्षकारों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही पेयजल की भी व्यवस्था की जा रही है, जिससे रजिस्ट्री कराने आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उप पंजीयक नीमच श्री माधव खेर ने बताया कि कलेक्ट्रेट से नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन में पंजीयन कार्यालय के स्थानांतरित होने के बाद, पहले दिन 15 मई को 25 संपत्तियों की रजिस्ट्री की गई है। पक्षकारों ने नवींन कक्षों में पंजीयन कार्यालय संचालित होने पर इस इस भवन को सुविधाजनक बताया है।

# ईरान-अमेरिका तनाव के बीच नीमच में पेट्रोल संकट



**नीमच।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर देशभर में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर लोगों में पहले से ही आशंका का माहौल बना हुआ है। ऐसे संवेदनशील समय में नीमच शहर के हृदय स्थल फव्वारा चौक पर स्थित दोनों प्रमुख पंपों पर पेट्रोल उपलब्ध नहीं होने से शुक्रवार को शहरभर में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। दिनभर बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल भरवाने पहुंचे, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख चौराहे पर पेट्रोल संकट खड़ा होने से आमजन की चिंता और बढ़ गई है। कई वाहन चालक इसे संभावित ईंधन संकट से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि लोग सोशल मीडिया पर भी तरह-तरह की चर्चाएं करते नजर आए।

**एक पंप पर पेट्रोल खत्म, दूसरे पर तकनीकी खराबी**- जानकारी के अनुसार फव्वारा चौक स्थित अब्दुल रसूल एंड कंपनी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पूरी तरह समाप्त हो गया। वहीं शहर के पुराने पेट्रोल पंप पर तकनीकी समस्या के कारण पेट्रोल वितरण बंद रहा। पंप संचालकों के अनुसार बिजली मीटर खराब होने के चलते मशीनें चालू नहीं हो सकीं, जबकि पंप पर पेट्रोल उपलब्ध था। दोनों पंपों के बंद होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग अपने वाहनों को धक्का लगाकर शहर के दूसरे इलाकों में स्थित पेट्रोल पंपों तक पहुंचते नजर आए।

**अंतरराष्ट्रीय तनाव से बढ़ी लोगों की चिंता:** ईरान-अमेरिका-इजराइल के बीच जारी तनाव और वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोल उपलब्ध नहीं होने से लोगों में चिंता और बढ़ गई है। कई नागरिकों का कहना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय हालात और बिगड़ते हैं तो ईंधन संकट गहरा सकता है। हालांकि प्रशासन या तेल कंपनियों की ओर से किसी बड़े संकट की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन शहर के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर अचानक सप्लाई बाधित होने से लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### दैनिक जीवन प्रभावित, प्रशासन से मांग

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि शहर के केंद्रीय क्षेत्र में पेट्रोल उपलब्ध नहीं होने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। नौकरीपेशा लोग, व्यापारी, छात्र और वाहन चालक घंटों पेट्रोल की तलाश में भटकते रहे। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द तकनीकी समस्याओं का समाधान कर पेट्रोल आपूर्ति सुचारू कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और किसी प्रकार की अफवाह या घबराहट की स्थिति न बने।

# अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

▶ **कांग्रेस ने बिजली कार्यालय का घेराव कर आंदोलन की चेतावनी दी**



**नीमच। जिले में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने बिजली कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।**

शुक्रवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी अधीक्षण यंत्री जयपाल सिंह ठाकुर के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधीक्षण यंत्री का घेराव कर बिजली कटौती को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर नीमच शहर और ग्रामीण इलाकों में रोजाना 4 से 5 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी आम जनता के फोन तक रिसीव नहीं करते, जो उनकी लापरवाही दर्शाता है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो पार्टी सड़क पर उतरकर बड़ा जनआंदोलन करेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय तो नेताओं को जनता की याद आती है, लेकिन आज जब लोग परेशान हैं, तो किसी को उनकी तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है।

**बार-बार जल रहे ट्रांसफार्मर**- अन्य कांग्रेस नेताओं ने शहर में बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं पर सवाल उठाते हुए केबल की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि मेंटेनेंस का काम आवश्यक है, तो इसे दोपहर के बजाय सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच किया जाए, ताकि आम लोगों और व्यापारियों को कम परेशानी हो।

### समस्याओं का जल्दी निराकरण करेंगे

अधीक्षण यंत्री जयपाल सिंह ठाकुर ने कंपनी का पक्ष रखते हुए बताया कि शहर में चल रहे आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के कारण यह अस्थायी समस्या आ रही है, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अत्यधिक गर्मी के कारण लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर प्रभावित हो रहे हैं और आंधी-तूफान से पेड़ों के झुकने के कारण भी बिजली आपूर्ति बाधित होती है। उन्होंने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताई गई समस्याओं पर जल्द सुधार का आश्वासन दिया।



### पदभार संभालते ही एसपी का 3.5 किमी पैदल मार्च

▶ **सुरक्षा व्यवस्था परखने बस स्टैंड से विजय टॉकीज तक निकाला मार्च**

**नीमच।** जिले के नवनियुक्त एसपी राजेश व्यास ने पदभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार देर शाम शहर की कानून व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस बल के साथ बस स्टैंड से लेकर विजय टॉकीज चौराहे तक करीब 3.5 किलोमीटर का पैदल भ्रमण किया। पदभार संभालने के बाद फील्ड में यह उनकी पहली बड़ी कार्रवाई है।

एसपी व्यास का पैदल मार्च मूलचंद मार्ग, खारी कुआं, सत्यनारायण मंदिर, घंटाघर, नया बाजार, बारादरी और कमल चौक जैसे प्रमुख स्थानों से गुजरा। लगभग एक घंटे चले इस भ्रमण के दौरान उन्होंने शहर की तंग गलियों और संवेदनशील ठिकानों की सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से समझा। इस मार्च का उद्देश्य अपराधियों में पुलिस का खौफ और जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करना था।

इस निरीक्षण के दौरान एसपी के साथ सीएसपी किरण चौहान, केंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान और बघाना थाना प्रभारी आरसी डांगी सहित करीब 30 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एसपी के पैदल मार्च के साथ वाहनों का काफिला भी सुरक्षा की दृष्टि से पीछे चलता रहा।

### बघाना और नीमच सिटी में भी होगा भ्रमण

नवनियुक्त एसपी आगामी एक-दो दिनों में उपनगर नीमच सिटी और बघाना के संवेदनशील क्षेत्रों का भी पैदल भ्रमण करेंगे। शहर की शांति व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए इसी प्रकार की सख्त निगरानी और फील्ड मूवमेंट आगे भी जारी रहेगा।

**एक नजर** | **बिना लाइसेंस संचालित फैक्ट्री शटडाउन, 1385 किलोग्राम नमकीन जप्त, 15 नमूने लिए**

# कुकड़ेश्वर में गंदगी और अव्यवस्था में नमकीन बनाने पर कार्रवाई

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर बी.एस.कलेश के निर्देशानुसार, गुरूवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुकड़ेश्वर एवं रामपुरा में खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया।**

इस निरीक्षण के दौरान मैसर्स श्री साई कृपा नमकीन, मनासा-रामपुरा रोड, कुकड़ेश्वर में अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में बिना वैध खाद्य पंजीयन के नमकीन का निर्माण, पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय करना पाया गया। पैक किए गए नमकीन के पैकेटों पर नियमानुसार पैकिंग दिनांक, बैच नंबर, लाइसेंस नंबर आदि जानकारी अंकित नहीं पाई गई। लेबल पर निर्माता का पता, जूनी भदाना, तहसील मनासा अंकित था, जबकि निर्माण कुकड़ेश्वर में किया जा रहा था।



खाद्य सुरक्षा टीम ने उक्त परिसर को तत्काल शटडाउन करवाकर क्रय-विक्रय बंद कराया और मौके से बजरंग नमकीन स्पेशल सेव, श्रद्धा रतलामी सेव, श्री साईं कृपा नमकीन खट्टा मीठा मिक्सर, श्री साईं कृपा रतलाम सेव बारीक, पामोलिन ऑयल, अजवाइन, काली मिर्च, लौंग, मिर्ची पाउडर, बेसन, मटर आटा सहित कुल 11 नमूने लिए गए। जप्त नमकीन की मात्रा 1385 किलोग्राम, कुल कीमत 22,600/- रूपये है।

संबंधित को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया है। प्रकरण अपर कलेक्टर नीमच के न्यायालय में दर्ज किया जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त रामपुरा स्थित सांवलिया दुग्ध डेरी का भी निरीक्षण कर पनीर, मिश्रित दूध, दही, घी के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार कुकड़ेश्वर श्री नवीन छत्रोले एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी यशवंत शर्मा की टीम द्वारा की गई।